(27) विश्वविद्यालय के लिये निकाय निधि की सृजन करना और एलुमनी, उद्योगों तथा अन्य राष्ट्रीय एवं अन्तरर्राष्ट्रीय संस्थानों संगठनों से प्राप्त दान को विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल द्वारा यथा अनुमोदित पूर्णत: या अंशत: अतरण करना जैसा एवं ऐसी निकाय निधि के सदुपयोग के लिये तौर तरीके निर्णित करना;

(28) विश्वविद्यालय के उद्देश्य हेतु न्याय एवं धर्मदाय संपत्तियों सहित चल या अचल संपत्ति प्राप्त करना, बनाए रखना, प्रबंध करना तथा उसका निपटान करना, जो कि सरकार की सहायता से निर्मित भवन/अर्जित भूमि के अतिरिक्त है, जिन मामलों में सरकार का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा;

(29) सरकार के अनुमोदन से विश्वविद्यालय की संपत्ति की प्रतिभूति पर विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के लिए धनराशि उधार लेना;

(30) विषयों के संदर्भ में, विशिष्ट क्षेत्रों में, शिक्षा स्तर एवं तकनीकी मानव शक्ति के प्रशिक्षण में लघु एवं दीर्घकालिक दोनों आधारों पर आवश्यकताएं निर्धारित करना तथा इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यक्रम प्रारंभ करना;

(31) अनुपूरक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों की सहभागिता एवं अन्य विशेषज्ञ एजेंसियों को तैयार करने के उपाय प्रारंभ करना;

(32) "दूरस्थ शिक्षा" "खुला दृष्टिकोण" के माध्यम से विद्यार्थियों की अनौपचारिक (मुक्त शिक्षण) धारा से औपचारिक धारा में जोड़ने तथा विलोमत के लिए निदेश उपलब्ध कराना;

(33) अपने कर्मचारियों के लिये नीति संहिता, आचरण संहिता एवं अनुशासनिक नियम तथा विद्यार्थियों के लिये अनुशासन संहिता निश्चित करना, तथा

(34) ऐसे समस्त कार्य करना जो विश्वविद्यालय की समस्त एवं किन्हीं शक्तियों के प्रयोग हेतु आवश्यक अथवा प्रासंगिक हो या विश्वविद्यालय के समस्त या किन्हीं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक या प्रेरक हो।

8. विश्वविद्यालय समस्त वर्गों, जातियों एवं धर्मों के लिए खुला है.—(1) विश्वविद्यालय सभी धर्म, जाति या वर्ग के व्यक्तियों के लिए बिना लिंग भेद के खुला होगा तथा यह विश्वविद्यालय के लिए विधि सम्मत नहीं होगा कि वह विश्वविद्यालय के शिक्षक के रूप में किसी व्यक्ति को नियुक्त करते समय या उसमें कोई अन्य पद धारण करते समय या विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के रूप में प्रवेश देने के लिए इस आधार पर मना नहीं करेगा चाहे उसका कोई भी धार्मिक विश्वास हो, व्यवसाय हो या राजनैतिक विचारधारा हो तथा अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए उन्हें नहीं रोकेगा ।

(2) इस धारा में कोई भी बात समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित व्यक्तियों या महिलाओं के प्रवेश या नियुक्ति हेतु विशेष प्रावधान करने के लिए विश्वविद्यालय को रोकने से संबंधित नहीं समझी जाएगी, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित व्यक्तियों के मामले में ।

9. विश्वविद्यालय में शिक्षण.—(1) विश्वविद्यालय में डिग्री, डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कार्यक्रमों से संबंधित शिक्षण अध्यादेशों के अनुसार किया जाएगा;

सत्यापित

20-11-17

सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

2542 DG/09-2

(2) ऐसे पाठ्यक्रमों के शिक्षण के आयोजन के लिए उत्तरदायी प्राधिकारी तथा पाठ्यक्रम अध्यादेशों द्वारा यथानिर्धारित होगा ।

10. **विश्वविद्यालय का विजिटर.**—(1) भारतीय गणतंत्र के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के विजिटर होगे ।

(2) विश्वविद्यालय तथा दिल्ली में विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य विश्वविद्यालय के बीच उत्पन्न कोई विवाद को विजिटर के पास भेजा जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा दोनों पक्षों पर बाध्य होगा ।

11. **विश्वविद्यालय का कुलाधिपति.**—(1) दिल्ली के उपराज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होंगे;

(2) कुलाधिपति, यदि उपस्थित हो, डिग्री प्रदान करते समय विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे;

(3) कुलाधिपति को ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को जैसा वह निदेश दे विश्वविद्यालय की महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के अधीन महाविद्यालय, कॉलेज इसके भवनों, प्रयोगशालाओं एवं उपकरणों तथा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा, शिक्षण एवं किए जाने वाले अन्य कार्यों की जांच करवाने का अधिकार होगा तथा विश्वविद्यालय के प्रशासन अथवा वित्त से संबंधित मामलों में उसी पद्धति से जाँच करवाने का अधिकार होगा;

(4) कुलाधिपति प्रत्येक मामले में विश्वविद्यालय को जाँच पड़ताल करवाने की सूचना देगा तथा विश्वविद्यालय को ऐसी सूचना प्राप्त होने पर कुलाधिपति को ऐसा प्रतिवेदन करने का अधिकार होगा जैसा वह सूचना में यथाविनिर्दिष्ट अवधि के अन्दर उचित समझे;

(5) प्रतिवेदन पर विचार करने के पश्चात् कुलाधिपति उप-धारा (3) में यथा उल्लिखित जाँच एवं निरीक्षण करवा सकता है;

(6) जहाँ कुलाधिपति द्वारा कोई निरीक्षण या जाँच करवाई जानी है, वहां विश्वविद्यालय को किसी प्रतिनिधि को नियुक्त करने का अधिकार होगा जिसे उपस्थित होने तथा ऐसी जाँच एवं निरीक्षण में सुनवाई का अधिकार होगा;

(7) कुलाधिपति उप-धारा (3) में यथा उल्लिखित ऐसी जाँच या निरीक्षण के परिणाम के संदर्भ में कुलाधिपति को सूचित कर सकता है तथा कुलाधिपति प्रबंधन बोर्ड को कुलाधिपति के विचारों सहित ऐसी सलाह पर जैसा कुलाधिपति उस पर की जाने वाली कार्रवाई के लिए अपेक्षित समझे, भेजेगा;

(8) प्रबंधन बोर्ड कुलपति के माध्यम से कुलाधिपति को ऐसी कार्रवाई से सूचित करेगा जो कि ऐसे निरीक्षण या जाँच के परिणाम पर की जानी प्रस्तावित हो या की गई हो;

(9) जहाँ प्रबंधन बोर्ड पर्याप्त समय में कुलाधिपति की संतुष्टि के लिए कार्रवाई नहीं करता, वहां चान्सलर जैसा उचित समझे निदेश जारी कर सकता है तथा प्रबंधन बोर्ड ऐसे निदेशों का पालन करेगा;

(10) इस धारा के पूर्वगामी उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कुलाधिपति लिखित में आदेश द्वारा विश्वविद्यालय की किसी भी कार्यवाहियों को रद्द कर सकता है जो इस अधिनियम, संविधि अथवा अध्यादेशों के अनुरूप नहीं है ।

शर्त यह है कि कोई ऐसा आदेश करने से पूर्व कुलाधिपति विश्वविद्यालय से पूछ सकेंगे कि ऐसा आदेश न करने के कारण क्यों नहीं बताया जाना चाहिये और दर्शाये गये कारण पर विचार किया जायेगा । यदि इसके द्वारा विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर प्राप्त होता है ।

(11) कुलाधिपति के पास यथानिर्धारित ऐसी अन्य शक्ति होगी ।

12. **विश्वविद्यालय के अधिकारीगण.**—विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अधिकारी होंगे:—

(1) कुलपति;

(2) सम-कुलपति;

(3) डीन;

(4) कुल सचिव;

(5) वित्त नियंत्रक और;

(6) संविधि द्वारा घोषित किये जाने वाले ऐसे अन्य अधिकारी विश्वविद्यालय के अधिकारी होंगे ।

13. **विश्वविद्यालय के कुलपति.**—(1) कुलपति एक प्रतिष्ठित विद्वान होगा जिसके पास अनुप्रयुक्त विज्ञान, इंजीनियरिंग तथा प्रबंधन के किसी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की किसी शिक्षण संस्था का प्रशासनिक अनुभव होगा ।

(2) कुलपति कुलाधिपति द्वारा ऐसी पद्धति में, ऐसी अवधि के लिए और ऐसी अवधि के लिए और ऐसी परिलब्धियों पर तथा यथानिर्धारित अन्य शर्तों पर नियुक्त किया जायेगा ।

(3) कुलपति विश्वविद्यालय के मुख्य शैक्षणिक एवं कार्यपालक अधिकारी होंगे और विश्वविद्यालय के कृत्यों की देखरेख एवं नियंत्रण करेंगे ओर विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकारियों के निर्णयों को लागू करेंगे:

शर्त यह है कि कोई व्यक्ति जो विश्वविद्यालय का कर्मचारी है वह ऐसी समिति के एक सदस्य के रूप में नामांकित नहीं किया जायेगा ।

(4) कुलपति का, यदि उनका यह अभिमत है कि किसी विषय पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई होनी है, तो वह इस अधिनियम द्वारा या अधीन विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी को प्रदत्त किसी शक्ति का प्रयोग कर सकते हैं और ऐसे विषय पर उसके द्वारा की गई कार्यवाही संबंधी सूचना ऐसे प्राधिकरण को देंगे:

किन्तु यदि संबंधित प्राधिकरण/प्राधिकारी का अभिमत है कि ऐसी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिये तो वह विषय को कुलाधिपति को भेज सकता है जिसका इस पर निर्णय अंतिम होगा :

आगे शर्त यह है कि इस उप-धारा के अन्तर्गत कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई असंतुष्ट विश्वविद्यालय सेवा के

सत्यापित

सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

किसी कर्मचारी को उसे सूचित ऐसे कार्रवाई की तिथि से नब्बे दिन के भीतर बोर्ड के प्रबंधक को ऐसी कार्रवाई के विरुद्ध अपील करने का अधिकार होगा तथा इस पर प्रबंध बोर्ड, कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई की पुष्टि को आशोधित या उलट सकते हैं ।

5) कुलपति संविधि एवं अध्यादेशों द्वारा यथानिर्धारित ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेंगे एवं ऐसे कार्यों का निष्पादन करेंगे ।

14. **विश्वविद्यालय के सम-कुलपति.**—प्रत्येक सम-कुलपति ऐसी पद्धति, ऐसी परिलब्धियों और अन्य सेवा शर्तों पर नियुक्त किया जायेगा और यथानिर्धारित ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का निवर्हन करेगा ।

15. **डीन.**—प्रत्येक डीन की नियुक्ति यथानिर्धारित पद्धति से की जायेगी और यथानिर्धारित ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे और ऐसर कार्यों का निवर्हन करेंगे ।

16. **कुल सचिव.**—(1) प्रत्येक कुल सचिव ऐसी पद्धति, ऐसी परिलब्धियों और अन्य सेवा शर्तों पर नियुक्त किया जायेगा और यथानिर्धारित ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का निवर्हन करेगा ।

(2) प्रबंध बोर्ड द्वारा सशक्त किसी पंजीयक के पास विश्वविद्यालय की और से समझौते करने तथा हस्ताक्षर करने एवं अभिलेख को प्रमाणित करने का अधिकार होगा ।

17. **वित्त नियंत्रक की शक्ति.**—वित्त नियंत्रक की ऐसी पद्धति से, ऐसी परिलब्धियों और अन्य सेवा शर्तों पर नियुक्ति की जायेगी और यथा निर्धारित ऐसी शक्ति का प्रयोग करेंगे तथा ऐसे कार्यों का निवर्हन करेंगे ।

18. **अन्य अधिकारीगण.**—विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों की नियुक्ति पद्धति, परिलब्धियों, शक्तियाँ और कार्य यथानिधरित होंगे ।

19. **विश्वविद्यालय के प्राधिकरण.**—विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकरण होंगे :—

(1) परिषद्;

(2) प्रबंध बोर्ड;

(3) शैक्षिक परिषद्;

(4) योजना बोर्ड;

(5) वित्त समिति; तथा

(6) संविधियों द्वारा घोषित किये जा सकने वाले ऐसे अन्य प्राधिकरण विश्वविद्यालय के प्राधिकरण होंगे ।

20. **परिषद्.**—(1) विश्वविद्यालय के परिषद् में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

(क) कुलाधिपति;

(ख) कुलपति;

(ग) सरकार द्वारा नामित मूलभूत तथा अनुप्रयुक्त विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के विषयों के पांच प्रतिष्ठित व्यक्ति;

(घ) प्रधान सचिव या सचिव (वित्त) दिल्ली सरकार—पदेन;

(ङ) प्रधान सचिव या सचिव (उच्च शिक्षा) दिल्ली सरकार—पदेन;

(च) प्रधान सचिव या सचिव (तकनीकी शिक्षा) दिल्ली सरकार—पदेन;

(छ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक प्रतिनिधि;

(ज) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का 52) के अन्तर्गत स्थापित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का एक प्रतिनिधि;

(झ) विश्वविद्यालय के कुल सचिव ।

2. (i) पदेन सदस्यों के अलावा परिषद् के नामांकित सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा;

(ii) जहां पर कोई व्यक्ति पद या नियुक्ति के आधार पर परिषद् का कोई सदस्य बन गया है जब उसका पद या नियुक्ति समाप्त हो जाता/जाती है उसकी सदस्यता समाप्त हो जायेगी ।

(iii) परिषद् का कोई सदस्य उसका सदस्य नहीं बना रहेगा यदि वह त्याग-पत्र देता है या विक्षिप्त मस्तिष्क विकार से ग्रस्त हो जाता है, या दिवालिया हो जाता या नैतिक दुराचरण से जुड़े किसी फौजदारी अपराध के लिये सिद्ध-दोष हो जाता है । कुलपति के अलावा किसी सदस्य की सदस्यता भी समाप्त हो जायेगी यदि वह विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक नियुक्ति स्वीकार कर लेता है या यदि वह पदेन सदस्य के रूप में न रहने पर कुलाधिपति की अनुमति लिये बिना परिषद् की लगातार तीन बैठकों में भाग लेने में विफल रहता है ।

(iv) परिषद् के किसी पदेन सदस्य के अलावा कोई सदस्य कुलाधिपति को संबोधित एक पत्र द्वारा अपने पद से तयाग पत्र दे सकता है और ऐसा त्याग-पत्र, उसके द्वारा स्वीकार होते ही प्रभावी हो जायेगा ।

(v) परिषद् की कोई भी रिक्ति संबद्ध नामांकन करने वाले प्राधिकरण द्वारा नामांकन से भरी जायेगी और रिक्ति की अवधि की समाप्ति पर; ऐसा नामांकन प्रभावी होने के लिये समाप्त होगा ।

21. **परिषद् की शक्तियां, कर्तव्य और बैठकें.**—(1) इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार परिषद् समय-समय पर विश्वविद्यालय की व्यापक नीतियों और कर्यक्रमों की समीक्षा करेगा तथा विश्वद्यिालय के सुधार और विकास के लिये उपाय सुझायेगा, परिषद् के निम्नलिखित अन्य शक्तियां और कार्य भी होंगे, अर्थात् :

सत्यापित 20-11-17
सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

(क) विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन और वार्षिक लेखों तथा ऐसे लेखा पर इसके लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन पर विचार करके संकल्प पारित करना;

(ख) जो विषय उसके पास परामर्श हेतु भेजा जा सकेगा उस विषय पर चांसलर को परामर्श देना;

(ग) यथानिर्धारित ऐसे अन्य कर्तव्यों को निवर्हन ।

(2) (i) परिषद् की वर्ष में कम से कम एक बैठक होगी । परिषद् की वार्षिक बैठक तब तक प्रबंध बोर्ड द्वारा नियत की जाने वाली तिथि को होगी जब तक किसी वर्ष के संबंध में परिषद् द्वारा कोई अन्य तिथि न निश्चित की गई हो तथा जब कुलाधिपति उपस्थित हो तब परिषद् की बैठक की अध्यक्षता कुलाधिपति द्वारा की जायेगी;

(ii) परिषद् की वार्षिक बैठक में परिषद् को कुलपति द्वारा पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट सहित आय तथा व्यय का विवरण, लेखा परीक्षित तुलन-पत्र तथा वित्तीय अनुमान प्रस्तुत किये जायेंगे ।

3. (i) परिषद् की बैठक कुलाधिपति द्वारा या कुलपति द्वारा स्वयं बुलाई जायेगी या परिषद् के कम से कम आधे सदस्यों के अनुरोध पर बुलाई जायेगी;

(ii) परिषद् की प्रत्येक बैठक के लिये सामान्यत: कम से कम पंद्रह दिन का नोटिस होगा;

(iii) परिषद् की सूची में वर्तमान सदस्य के एक तिहाई सदस्यों से गणपूर्ति होगी;

(iv) प्रत्येक सदस्य का एक मत होगा और यदि किसी विषय पर परिषद् द्वारा ज्ञात किये जाने वाले बराबर-बराबर मत हो तो इसके अलावा बैठक की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति का निर्णायक मत होगा;

(v) यदि सदस्यों के बीच मतभेद है तो बहुमत का मत बना रहेगा; और

(vi) यदि परिषद् द्वारा तत्काल कार्रवाई की जानी आवश्यक हो जाती है, तो कुलपति परिषद् के सदस्यों के बीच कागजात परिचालित करके कार्य संचालन की अनुमति दे सकतें हैं । इस प्रकार प्रस्तावित कार्रवाई तब तक नहीं की जायेगी जब तक परिषद् के बहुमत द्वारा सहमति न दी गई हो । इस प्रकार की गई कार्रवाई परिषद् के सभी सदस्यों को तत्काल सूचित की जायेगी । यदि संबद्ध प्राधिकरण विषय पर निर्णय लेने में विफल रहता है, तो मामला कुलाधिपति को भेजा जायेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा ।

22. प्रबंधन बोर्ड.–(1) प्रबंधन बोर्ड विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यपालक निकाय होगा और इस प्रकार इस अधिनियम तथा इसके अन्तर्गत बनाई गई संविधि के उपबंधों के अनुसार विश्वविद्यालय के संचालन के लिये सभी आवश्यक शक्तियां होंगी, तथा इस प्रयोजन के लिये अध्यादेशों तथा विनियम बना सकता है तथा इसके नीचे उल्लिखित विषयों के संबंध में भी नियम बना सकता है ।

(2) प्रबंधन बोर्ड के निम्नलिखित व्यक्ति होंगे अर्थात् :

(क) विश्वविद्यालय का कुलपति;

(ख) सरकार द्वारा नामित इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन विज्ञान के विषयों के तीन सुविख्यात व्यक्ति;

(ग) सरकार द्वारा नामित विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर;

(घ) सरकार द्वारा मनोनीत विश्वविद्यालय के दो डीन;

(ङ) सरकार द्वारा नामांकित किसी उद्योग एसोसिएशन का प्रतिनिधि;

(च) सरकार में प्रधान सचिव या सचिव (वित्त) पदेन;

(छ) सरकार में प्रधान सचिव या सचिव (उच्च शिक्षा), पदेन;

(ज) सरकार में प्रधान सचिव या सचिव (तकनीकी शिक्षा), पदेन;

(झ) संविधियों द्वारा यथानिर्धारित ऐसा अन्य सदस्य या सदस्यगण ।

(3) जहां पर कोई व्यक्ति पद या नियुक्ति के आधार पर प्रबंध बोर्ड का सदस्य बन गया है जब उसका पद या नियुक्ति समाप्त हो जाता/जाती हैं, तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जायेगी ।

(4) पदेन सदस्यों के अलवा प्रबंध बोर्ड के नामांकित सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा ।

(5) प्रब्रंधन बोर्ड का कोई सदस्य उसका सदस्य नहीं बना रहेगा यदि वह त्याग-पत्र देता है या विक्षिप्त/मस्तिष्क विकार से ग्रस्त हो जाता है, या दिवालिया हो जाता है या नैतिक दुराचरण से जुड़े किसी फौजदारी अपराध के लिये सिद्धदोष हो जाता है । किसी कुलपति या प्रोफेसर डीन के अलावा किसी सदस्य की सदस्यता भी समाप्त हो जायेगी यदि वह विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक नियुक्ति स्वीकार कर लेता है या यदि वह पदेन सदस्य के रूप में न रहने पर किसी कुलपति की अनुमति लिये बिना प्रबंध बोर्ड की लगातार तीन बैठकों में भाग लेने में विफल रहता है ।

(6) किसी पदेन सदस्य के अलावा प्रबंधन बोर्ड का कोई सदस्य किसी कुलपति को संबोधित एक पत्र द्वारा अपने पद से त्याग-पत्र दे सकता है और ऐसा त्याग-पत्र, उसके द्वारा स्वीकार होते ही प्रभावी हो जायेगा ।

(7) प्रबंधन बोर्ड की कोई भी रिक्ति संबद्ध नामांकन करने वाले प्राधिकरण द्वारा नामांकन से भरी जायेगी और रिक्ति की अवधि समाप्त होने पर ऐसा नामांकन प्रभावी होने के लिये समाप्त होगा ।

सत्यापित

10-11-17

सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

23. प्रबंधन बोर्ड की शक्तियां, कर्तव्य और बैठकें.–(1) प्रबंधन बोर्ड, विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यपालक प्राधिकरण होगा और इस प्रकार इस अधिनियम तथा इसके अन्तर्गत बनाई गई संविधि के उपबंधों के अनुसार विश्वविद्यालय के कार्यसंचालन के लिये आवश्यक सभी शक्तियां होंगी और उस प्रयोजन के लिये और निम्नलिखित विषयों के संबंध में अध्यादेश तथा विनियम बना सकते हैं ।

(2) प्रबंधन बोर्ड की निम्नलिखित शक्तियां और कर्तव्य होंगे, अर्थात् :—

(i) इस प्रयोजन के लिये गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव की नियुक्ति करना;

(ii) परिषद् की वार्षिक बैठक में उसका भाग लेना;

(क) विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन में, और

(ख) वार्षिक लेखों में ।

(iii) विश्वविद्यालय के वित्त, लेखा, निवेश, सम्पतियां, कार्य संव्यवहार और सभी अन्य प्रशासनिक कार्यों की व्यवस्था करना और विनियमित करना और इस प्रयोजन के लिये समितियां गठित करना और विश्वविद्यालय की ऐसी समितियों को या विश्वविद्यालय के लिये ऐसे अधिकारियों को शक्तियां सौंपना जैसा वह उचित समझें;

(iv) विश्वविद्यालय से संबंधित कोई पूंजी निवेश करना, जिनमें अनप्रयुक्त आय, ऐसे स्टाक में निधि, शेयर या प्रतिभूतियों सहित या भारत में अचल सम्पति की खरीद में लगाना जैसा वह समय-समय पर उचित समझे जिन मामलों में सरकार का पूर्व अनुमोदन आवश्यक है, उन मामलों में सरकार की सहायता से अधिग्रहीत भूमि या निर्मित भवन को छोड़कर समय-समय पर भिन्न-भिन्न प्रकार से ऐसे निवेश की शक्ति सहित;

(v) विश्वविद्यालय की ओर से संविदा करना, भेद करना, कार्यान्वयन करना तथा रद्द करना और इस प्रयोजन के लिये ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करना, जैसा वह उचित समझता हो;

(vi) विश्वविद्यालय का कार्य चलाने के लिये आवश्यक भवन, परिसर, फर्नीचर उपकरण तथा अन्य साधन जुटाना;

(vii) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों, छात्रों तथा कर्मचारियों की किन्हीं शिकायतों के निवारण हेतु शिकायतें प्राप्त करना, यदि वह उचित समझता हो, तो उस पर निर्णय देना;

(viii) संस्थान में शैक्षणिक तथा अन्य पदों का सृजन तथा व्यक्तियों नियुक्ति करना और कर्मचारियों के विभिन्न संवर्गों की वेतन संरचना तथा सेवा शर्तों निर्धारित करना;

(ix) शिक्षण, प्रशासनिक तथा लिपिकीय पदों पर व्यक्तियों की नियुक्ति करना;

(x) परीक्षकों और मौडरेटरों की नियुक्ति करना और यदि उन्हें हटाना आवश्यक हो और शैक्षिक परिषद् की सलाह के उपरांत उनके शुल्क, परिलब्धियां, यात्रा तथा अन्य भत्ते निर्धारित करना;

(xi) विश्वविद्यालय की एक कॉमन सील चुनना;

(xii) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना और उसे अन्य कार्य का निवर्हन करना, जो इस अधिनियम द्वारा या अन्तर्गत यथा आवश्यक समझा गया है या दिया गया हो;

(3) (क) प्रबंधन बोर्ड की तीन माह में कम से कम एक बैठक होगी और ऐसी बैठकों के लिये कम से कम पंद्रह दिन का नोटिस दिया जायेगा;

(ख) प्रबंधन बोर्ड की बैठक कुलपति के अनुदेशों के अनुसार या प्रबंध बोर्ड के कम से कम पांच सदस्यों के अनुरोध पर कुल सचिव द्वारा बुलाई जायेगी;

(ग) प्रबंध बोर्ड के एक तिहाई सदस्य किसी बैठक की गणपूर्ति के लिये होंगे;

(घ) यदि सदस्यों के बीच मतभेद है, तो बहुमत का मत बना रहेगा;

(ङ) प्रबंधन बोर्ड के प्रत्येक सदस्य का एक मत होगा और यदि प्रबंध बोर्ड द्वारा निर्धारित किये जाने वाले किसी विषय पर बराबर-बराबर मत हो, तो इसके अतिरिक्त प्रबंध बोर्ड के अध्यक्ष या बैठक की अध्यक्षता करने वाले सदस्य, जैसी भी स्थिति हो, का एक निर्णयक मत होगा;

(च) प्रबंधन बोर्ड की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता कुलपति द्वारा की जायेगी और उनकी अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्यों द्वारा चुने गए एक सदस्य द्वारा की जायेगी;

(छ) यदि प्रबंधन बोर्ड द्वारा तत्काल कार्रवाई की जानी आवश्यक हो जाती है तो कुलपति प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों के बीच कागजात परिचालित करके कार्य संचालन की अनुमति दे सकते हैं । इस प्रकार प्रस्तावित कार्यवाही तब तक नहीं की जायेगी जब तक प्रबंध बोर्ड के बहुमत द्वारा सहमति न दी गई हो । इस प्रकार की गई कार्रवाई प्रबंध बोर्ड के सभी सदस्यों को तत्काल सूचित की जायेगी । यदि संबद्ध प्राधिकरण विषय पर निर्णय लेने में विफल रहता है तो मामला कुलाधिपति को भेजा जायेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा ।

24. शैक्षणिक परिषद्.—(1) शैक्षिक परिषद्, विश्वविद्यालय की प्रमुख शैक्षिक निकाय होगा और इसका अधिनियम, संविधि और अध्यादेशों के उपबंधों के अनुसार विश्वविद्यालय के भीतर अनुदेशों, शिक्षा, अनुसंधान और परीक्षा के मानकों को बनाए रखने के लिये, नियंत्रण होगा, यह विनियमों को बनाने और उसके प्रति उत्तरदायी होगी और संविधि द्वारा उसे प्रदत्त या दी गई/दिये गये ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगी और ऐसे अन्य कार्यों का निवर्हन करेगी ।

2542 DG/09-3

सत्यापित 20-11-17
सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

(2) शैक्षिक परिषद् को सभी शैक्षिक विषयों पर प्रबंध बोर्ड की सलाह देने का अधिकार होगा ।

(3) शैक्षिक परिषद् में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(क) कुलपति जो अध्यक्ष होगा;

(ख) ख्याति प्राप्त शिक्षाविद् या विद्वान या विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के क्षेत्रों से वरिष्ठ उद्योगपतियों में से तीन व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं है, और सरकार द्वारा नामित हैं;

(ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक मनोनीत व्यक्ति;

(घ) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का एक मनोनीत सदस्य;

(ङ) उद्योग संस्थान का एक मनोनीत सदस्य;

(च) विश्वविद्यालय के समस्त डीन;

(छ) वरिष्ठता के अनुसार क्रमवार बारी-बारी से कुलपति द्वारा मनोनीत तीन प्रोफेसर;

(ज) स्कूलों/विभागों के सभी प्रमुख;

(झ) परीक्षा नियंत्रक;

(ञ) शिक्षण स्टाफ के वो सदस्य जो कुलपति द्वारा नामित एसोसिएट तथा सहायक प्रोफेसरों का प्रतिनिधि करनें वाले कर्मचारियों में से क्रमश: एक-एक सदस्य;

(ट) संविधियों द्वारा यथानिर्धारित ऐसे अन्य सदस्य ।

(4) पदेन सदस्यों को छोड़कर शैक्षिक परिषद् के सदस्यों की कार्यावधि तीन वर्ष होगी ।

25. शैक्षणिक परिषद् के अधिकार, प्रकार्य तथा बैठकें.—(1) इस अधिनियम संविधि, अध्यादेशों तथा विनियमों के उपबंधों के अधीन तथा प्रबंधन बोर्ड के संपूर्ण पर्यवेक्षण के अंतर्गत शैक्षणिक परिषद् विश्वविद्यालय के अकादमिक मामलों तथा अन्य मामलों, विशेषत: निम्नलिखित अधिकारों तथा प्रकार्यों का प्रबंधन करेगी, अथात् :—

(i) प्रबंधन बोर्ड द्वारा उसे संदर्भित या प्रत्यायोजित किसी विषय पर रिपोर्ट देना;

(ii) विश्वविद्यालय के अध्यापन पदों के सृजन, समाप्ति या वर्गीकरण तथा देय परिलब्धियों तथा इससे संलग्न कर्त्तव्यों के विषय में प्रबंध बोर्ड को सिफारिश करना;

(iii) संकाय के संगठन के लिए स्कीमें तैयार करना तथा संशोधित या समीक्षा करने तथा इन संकायों का उनके संबद्ध विषय सौंपना तथा प्रबंधन बोर्ड को किसी संकाय की समाप्ति या उप-विभाजन या एक संकाय का दूसरे संकाय से संयोग करने की समीचीनता के बारे में रिपोर्ट देना;

(iv) विश्वविद्यालय में नामांकित व्यक्तियों से अलग अन्य व्यक्तियों की शिक्षा तथा परीक्षा की व्यवस्था की सिफारिश करना;

(v) विश्वविद्यालय के भीतर अनुसंधान को प्रोत्साहन देना तथा इस अनुसंधान पर समय-समय पर रिपोर्ट देना;

(vi) संकाय द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विचार करना;

(vii) विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए नीति तैयार करना;

(viii) अन्य विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के डिप्लोमा तथा डिग्रियों को मान्यता प्रदान करना तथा विश्वविद्यालयों के प्रमाणपत्रों, डिप्लोमा तथा डिग्रियों के संदर्भ में उनका समानता निर्धारित करना;

(ix) बोर्ड द्वारा स्वीकृत किसी शर्त के अंतर्गत फैलोशिप, छात्रवृत्तियों तथा अन्य पुरस्कारों की प्रतियोगिता के समय, पद्धति तथा शर्तों को सुनिश्चित करना तथा इनके अवार्ड की सिफारिश करना;

(x) परिक्षकों की नियुक्ति संबंधी प्रबंध बोर्ड को सिफारिशें करना तथा यदि आवश्यक हो, उनको हटाने तथा उनके शुल्क, परिलब्धियों तथा यात्रा और अन्य खर्चों को सुनिश्चित करना;

(xi) परीक्षा के आयोजन की व्यवस्था करना तथा उन्हें आयोजित करने की तिथि की सिफारिश करना;

(xii) विभिन्न परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा तथा समीक्षा करना या इनके लिए समितियाँ या अधिकारी नियुक्त करना तथा उपाधियाँ, सम्मान, डिप्लोमा, लाइसेंस, पद अथवा सम्मान चिह्न प्रदान या भेंट करने संबंधी सिफारिशें करना;

(xiii) वृत्ति, छात्रवृत्ति, पदकों अथवा पुरस्कारों की सिफारिश करना तथा विनियमों के अनुसार अन्य पुरस्कारों की सिफारिश करना तथा पुरस्कारों से संबंधित अन्य शर्तों की सिफारिश करना;

(xiv) अध्ययन के निर्धारित पाठ्यक्रमों के पाठ्यचर्या का अनुमोदन करना, पाठ्य पुस्तकों निर्धारित या संस्तुत पाठ्य पुस्तक सूची का अनुमोदन करना तथा इनका प्रकाशन करना;

(xv) अध्यादेशों तथा विनियमों के अंतर्गत समय-समय पर अपेक्षित फार्मों तथा रजिस्टरों का अनुमोदन करना ;

(xvi) विश्वविद्यालय में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम तथा विषय वस्तु की रूपरेखा तैयार करने में अपनाए जाने वाले समय-समय पर वांछित शिक्षा के मानक तैयार करना ;

(xvii) शैक्षणिक विषयों में संबंधित सभी कर्त्तव्यों का निर्वाह करना तथा इस अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए अध्यादेशों तथा विनियमों के उपबंधों को समुचित रूप से लागू करने के लिए यथाआवश्यक कार्य ऐसे करना ।

(2)(i) शैक्षणिक परिषद् जब भी आवश्यक होगा अपनी बैठकें बुलाएगी परन्तु ये बैठकें एक शिक्षा वर्ष में तीन बार से कम नहीं होंगी ;

(ii) शैक्षणिक परिषद् के वर्तमान एक तिहाई सदस्यों से शैक्षणिक परिषद् की बैठकों का कोरम बनेगा;

(iii) सदस्यों में मत विभिन्नता की स्थिति में बहुमत का निर्णय मान्य होगा ;

(iv) शैक्षणिक परिषद् के प्रत्येक सदस्य, जिनमें शैक्षणिक परिषद् का अध्यक्ष भी शामिल है, एक मत का अधिकार होगा और यदि अकादमिक परिषद् द्वारा किसी प्रश्न के सुनिश्चयन में मतों की संख्या बराबर रहती है तो शैक्षणिक परिषद् के

सत्यापित 20-11-17

सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

अध्यक्ष या उस बैठक की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति के पास एक अतिरिक्त निर्णायक मत होगा ;

(v) शैक्षणिक परिषद् की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता कुलपति द्वारा और उसकी अनुपस्थिति में उस अवसर पर अध्यक्षता करने के लिए चुना सदस्य द्वारा की जायेगी;

(vi) यदि शैक्षणिक परिषद् द्वारा तत्काल कार्रवाई की जानी आवश्यक हो जाती है तो शैक्षणिक परिषद् का अध्यक्ष शैक्षणिक परिषद् के सदस्यों के दस्तावेजों के परिचालन द्वारा कार्य संपादन की अनुमति दे सकता है । प्रस्तावित कार्यवाही पर जब तक शैक्षणिक परिषद् के बहुमत सदस्यों की सहमति नहीं होती प्रस्तावित कार्यवाई नहीं की जायेगी । इसके अनुसरण में की गई कार्रवाही से शैक्षणिक परिषद् के सभी सदस्यों को अवगत कराया जायेगा । यदि संबंधित अधिकारी निर्णय लेने में असमर्थ रहता है, तो विषय को कुलाधिपति को भेजा जायेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा ;

26. योजना बोर्ड.–(1) विश्वविद्यालय के एक योजना बोर्ड का गठन किया जायेगा जो विश्वविद्यालय की प्रमुख नियोजन निकाय होगा तथा विश्वविद्यालय के विकास के अनुवीक्षण के लिंए भी उत्तरदायी होगा ।

(2) योजना बोर्ड का गठन इसके सदस्यों का कार्यकाल तथा इसके अधिकार तथा प्रकार्य यथानिर्धारित रूप में होंगे ;

27. विभाग और विद्यालय.–(1) समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित संख्या में विद्यालय होंगे;

(2) विभाग और विद्यालयों का गठन, अधिकार तथा प्रकार्य यथानिर्धारित रूप में होंगे ।

28. वित्त समिति.–(1) प्रबंधन बोर्ड द्वारा गठित वित्त समिति होगी जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे :–

(क) कुलपति–अध्यक्ष

(ख) प्रधान सचिव या सचिव (तकनीकी शिक्षा), दिल्ली सरकार–पदेन

(ग) प्रधान सचिव व सचिव (वित्त) दिल्ली सरकार–पदेन

(घ) सदस्यों में से प्रबंधन बोर्ड द्वारा मनोनीत दो अन्य सदस्यों जिनमें से एक विश्वविद्यालय का कर्मचारी नहीं होना चाहिए;

(ङ) विश्वविद्यालय के कुल सचिव;

(च) वित्त नियंत्रक सदस्य सचिव होगा;

(छ) संविधियों द्वारा यथानिर्धारित ऐसे अन्य सदस्य ।

(2) कुलपति के अलावा वित्त समिति के सदस्यों का कार्यकाल तब तक होगा जब तक वे प्रबंध मंडल के सदस्य होंगे ।

(3) वित्त समिति के प्रकार्य एवं कर्त्तव्य निम्न प्रकार होंगे :–

(क) विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट की जाँच तथा छानबीन करना तथा वित्तीय मामलों पर प्रबंधन बोर्ड को सिफारिश करना ;

(ख) नए खर्चों के लिए प्रस्तावों पर विचार करना तथा प्रबंधन बोर्ड को इसकी सिफारिश करना ;

(ग) ग्रेडों में संशोधन, वेतनमानों को उन्नत करना और उन मदों संबंधी सारे प्रस्ताव, जो बजट में शामिल नहीं है, प्रबंध मंडल द्वारा विचार किए जाने से पूर्व वित्त समिति द्वारा जाँच की जाएगी ;

(घ) वित्त नियंत्रक द्वारा तैयार विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखों तथा वित्तीय अनुमानों पर विचार करना तथा अनुमोदन के लिए वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करना तथा इसके पश्चात् प्रबंध मंडल को प्रस्तुत करना ;

(ङ) वित्त समिति विश्वविद्यालय की आय तथा संसाधनों पर आधारित वर्ष के कुल आवर्ती एवं अनावर्ती व्यय की सीमा निश्चित करेगी और इस प्रकार निश्चित सीमा से अधिक व्यय वित्त समिति के अनुमोदन के बिना विश्वविद्यालय द्वारा खर्च नहीं किया जाएगा ;

(च) विश्वविद्यालय को प्रभावित करने वाले किसी वित्तीय प्रश्न पर, अपनी तरफ से या प्रबंध बोर्ड द्वारा संदर्भित किए जाने या कुलपति द्वारा भेजे जाने पर, प्रबंधन बोर्ड को अपनी राय देना तथा सिफारिश करना ;

(4) वित्त समिति की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार होगी । किसी भी बैठक में वित्त समिति के तीन सदस्यों का कोरम होगा ।

(5) वित्त समिति की बैठकों की अध्यक्षता कुलपति करेगा तथा उसकी अनुपस्थिति में बैठक में चयन किया गया सदस्य अध्यक्षता करेगा । सदस्यों में मत-विभिन्नता की स्थिति में उपस्थित सदस्यों के बहुमत का अभिमत सफल होगा ।

29. अन्य प्राधिकरण.–संविधियों द्वारा घोषित विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकरणों का गठन, अधिकार तथा प्रकार्य यथानिर्धारित होंगे ।

30. संविधि.–इस अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत संविधियों में निम्न सभी या किसी विषय पर उपबंध बनाए जा सकते हैं, अर्थात् :–

(क) विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों तथा समय-समय पर आवश्यक रूप से गठित की जाने वाली अन्य निकायों की संरचना, अधिकार तथा प्रकार्य ;

(ख) विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों की निकायों के सदस्यों का चयन तथा पद पर बने रहने, सदस्यों की रिक्ति को भरे जाने तथा इससे संबंधित अन्य सभी ऐसे विषय जिनके बारे में विश्वविद्यालय उपबंध बनाना आवश्यक या वांछनीय समझता है ;

(ग) पूर्ववर्ती दिल्ली इंजीनियरिंग कालेज के रोजगार में अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों के बने रहने की शर्तें ;

(घ) विश्वविद्यालय में अधिकारियों की नियुक्ति की पद्धति तथा उनकी सेवा शर्तें, उनके अधिकार तथा कर्त्तव्य और सकल परिलब्धियां ;

(ङ) विश्वविद्यालय के अध्यापकों, अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की पद्धति तथा उनकी परिलब्धियां ;

सत्यापित

30-11-17

सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

(च) किसी अन्य विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की किसी संयुक्त परियोजना में कार्य करने के लिये विनिर्दिष्ट अवधि के लिए नियुक्ति करने की पद्धति, उनकी सेवा शर्तें तथा परिलब्धियाँ ;

(छ) विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त शिक्षकों तथा शैक्षणिक कर्मचारियों के अन्य सदस्यों की सेवा शर्तें ;

(ज) विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त अन्य कर्मचारियों की सेवा शर्तें ;

(झ) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के हित के लिए पेंशन या भविष्य निधि का गठन तथा किसी बीमा योजना की स्थापना करना ;

(ञ) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की वरिष्ठताक्रम का नियंत्रण करने वाले सिद्धान्त ;

(ट) विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी या किसी विद्यार्थी द्वारा अपील किए जाने की प्रक्रिया ;

(ठ) मानद उपाधि प्रदान करना ;

(ड) फैलोशिप, छात्रवृत्तियाँ, विद्यार्थी वृत्तियाँ, पदक तथा पुरस्कार तथा अन्य प्रोत्साहन प्रारंभ करना ;

(ढ) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखना ;

(ण) पीठों, विद्यापीठों तथा विभागों की स्थापना ;

(त) विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित तथा अनुरक्षित कालेजों तथा संस्थानों का प्रबंधन, पर्यवेक्षण तथा निरीक्षण ;

(थ) विश्वविद्यालय के अधिकारियों या प्राधिकारियों में निहित शक्तियों का प्रत्यायोजन ;

(द) ऐसे सभी विषय, जिन पर इस अधिनियम द्वारा या इसके अंतर्गत संविधि द्वारा प्रावधान किया जाना है या किया जा सकता है ।

31. संविधि प्रक्रिया.—(1) पहली संविधियों, इस अधिनियम के लागू होने से तीस दिन के भीतर कुलाधिपति के पूर्व अनुमोदन से सरकार द्वारा बनाई जाएगी ।

(2) प्रबंधन बोर्ड समय-समय पर नये या अतिरिक्त संविधि बना सकता है या उप-धारा (1) में उल्लिखित संविधियों को संशोधित या निरस्त कर सकता है :—

उपबंध है कि प्रबंधन बोर्ड, विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण के पद, अधिकार या संरचना को प्रभावित करने वाली किसी संविधि की रचना, संशोधन या तब तक नहीं करेगा जब तक ऐसे प्राधिकरण को अपना प्रस्तावित परिवर्तन पर अपनी लिखित राय बताने की पर्याप्त अवसर प्रदान नहीं किया जाता है तथा अभिव्यक्त राय पर प्रबंधन बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रबंधन बोर्ड द्वारा विचार नहीं कर लिया जाता ;

(3) प्रत्येक नई संविधि या संविधि में परिवर्तन या इसमें संशोधन अथवा निरसन के लिए कुलाधिपति का अनुमोदन आवश्यक होगा जो इस पर अपनी सहमति दे सकता है, इसे रोक सकता है या उसके द्वारा दी गई टिप्पणी, यदि कोई है, को देखते हुए प्रबंधन बोर्ड द्वारा पुनर्विचार के लिए वापिस भेज सकता है ;

(4) किसी नई संविधि या संविधि में संशोधन या वर्तमान संविधि का निरसन तब तक वैध नहीं होगा, जब तक कुलाधिपति द्वारा इस पर सहमति प्रदान नहीं की जाती जो इस विषय पर निर्णय लेते समय संबंधित विभाग के दृष्टिकोण पर विचार करेगा ।

बशर्ते कि यदि कुलाधिपति प्राप्त संदर्भ के नब्बे दिनों के भीतर अपना निर्णय सूचित नहीं करता है, तो माना जाएगा कि कुलाधिपति ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है ।

32. अध्यादेश.—(1) इस अधिनियम तथा संविधियों के प्रावधानों के अंतर्गत निम्नलिखित सभी या कुछ विषयों के लिए अध्यादेश लाया जा सकता है ; अर्थात् :–

(क) विद्यार्थियों का प्रवेश, अध्यापन पाठयक्रम तथा उसका शुल्क, डिग्रियां डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र तथा अन्य शैक्षणिक विशिष्टताओं को प्रदान कराने संबंधी योग्यताएं तथा फैलोशिप तथा पुरस्कार तथा अन्य ऐसे सम्मान को प्रदान किए जाने की शर्तें ;

(ख) परीक्षाएं आयोजित करना, जिनमें पद की सेवा शर्तें शामिल हैं तथा परीक्षकों की नियुक्तियाँ ;

(ग) विद्यार्थियों के आवास एवं उनके सामान्य अनुशासन की स्थिति ;

(घ) विश्वविद्यालय द्वारा पोषित महाविद्यालयों एवं संस्थानों का प्रबन्धन ;

(ङ) कर्मचारियों तथा विश्वविद्यालय अथवा विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय के बीच विवादों के निपटान की पद्धति ;

(च) कर्मचारियों या विद्यार्थियों के बीच विवादों के निपटान की पद्धति ;

(छ) किसी खिन्न कर्मचारी या किसी विद्यार्थी द्वारा किसी अपील की पद्धति ;

(ज) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच अनुशासन का रखरखाव ;

(झ) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के आचरण एवं कार्यों का विनियमन तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के आचरण का विनियमन ;

(ञ) कदाचार की श्रेणियों जिसके लिए इस अधिनियम या संविधियों अथवा अध्यादेशों के अधीन कार्रवाई की जाए ;

(ट) कोई अन्य मामले, जो इस अधिनियम या संविधियों के अधीन या उसके द्वारा है अध्यादेशों द्वारा उपबंधित किए गए हो या किए जाएं ;

(2) सरकार के पूर्व अनुमोदन से कुलपति द्वारा प्रथम अध्यादेश तैयार किया जाएगा तथा इस प्रकार तैयार किया गया अध्यादेश यथानिर्धारित पद्धति से प्रबंधन बोर्ड द्वारा किसी भी समय संशोधित, निरसित या परिवर्धित किया जा सकता है ।

सत्यापित
20-11-17
सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

33. विनियम.—विश्वविद्यालय के प्राधिकारी तथा उनके द्वारा नियुक्त समिति हो लेकिन इस अधिनियम, संविधि या अध्यादेशों द्वारा उपबंधित नहीं है, इस अधिनियम, संविधि, अध्यादेशों के अनुरूप अपने कार्य व्यवहार के निष्पादन हेतु संविधियों द्वारा यथानिर्धारित पद्धति से विनियम बनाा सकते हैं ।

34. वार्षिक रिपोर्ट.—(1) विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रबंधन बोर्ड के निदेशों के अधीन तैयार की जाएगी जिसमें उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किए गए उपाय तथा अन्य मामले सम्मिलित होंगे;

(2) इस प्रकार तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट शैक्षणिक वर्ष से 6 माह के अन्दर कुलाधिपति को प्रस्तुत की जाएगी;

(3) उप-धारा (1) के अधीन तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट की प्रति सरकार को भी प्रस्तुत की जाएगी, जो उसे दिल्ली की विधान सभा में यथाशीघ्र प्रस्तुत कराएगी ।

35. वार्षिक लेखे.—(1) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे तथा तुलन-पत्र प्रबंधन बोर्ड के निदेशों के अन्तर्गत तैयार किए जाएंगे तथा प्रत्येक वर्ष कम से कम पन्द्रह महीनों के अन्तराल में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा या इस संबंध में यथाप्राधिकृत व्यक्ति अथवा व्यक्तियों द्वारा लेखा परीक्षा की जाएगी;

(2) लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ लेखों की प्रति कुलाधिपति तथा परिषद् को प्रबंधन बोर्ड की टिप्पणियों सहित, यदि कोई हो, तो भेजी जाएगी;

(3) वार्षिक लेखों पर परिषद् द्वारा की गई कोई टिप्पणी प्रबंधन बोर्ड की सूचना में लाई जाएगी तथा इन टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट समयावधि में परिषद् एवं कुलाधिपति की सूचना में लाई जाएगी;

(4) कुलाधिपति को प्रस्तुत की गई लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ वार्षिक लेखों की प्रति सरकार को भी प्रस्तुत की जाएगी जो कि उसे यथाशीघ्र दिल्ली की विधान सभा में प्रस्तुत कराएगी ।

36. कर्मचारियों की सेवा शर्तें.—विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी की नियमित आधार पर या अन्यथा सेवा संविदा का लिखित करार करेगा तथा संविदा की शर्तें इस अधिनियम, संविधि, अध्यादेशों के उपबंधों असंगत नहीं होंगे;

(2) उप-धारा (1) में उल्लिखित संविदा की एक प्रति विश्वविद्यालय के पास रखी जाएगी तथा उसकी एक प्रति संबंधित कर्मचारी को भी प्रस्तुत की जाएगी ।

37. न्यायाधिकरण मध्यस्थता.—(1) विश्वविद्यालय तथा कर्मचारियों के बीच धारा 36 में उल्लिखित रोजगार संविदा से उत्पन्न या धारा 4 के उपबंधों के अनुसार विश्वविद्यालय या पूर्ववर्ती दिल्ली इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों के बीच उत्पन्न कोई विवाद मध्यस्थता न्यायाधिकरण को भेजा जाएगा जिसमें प्रबंधन बोर्ड द्वारा नामित एक सदस्य, संबंधित कर्मचारी द्वारा नामित एक सदस्य तथा कुलाधिपति द्वारा मनोनीत निर्णायक (अम्पायर) सम्मिलित होंगे ;

(2) ऐसा प्रत्येक संदर्भ तत्समय प्रवृत्त मध्यस्थता विधि के अर्थ में इस धारा की शर्तों पर मध्यस्थता के लिए प्रस्तुत किया समझा जायेगा तथा उस विधि के समस्त उपबंध उसकी धारा 2 के अपवाद सहित तद्नुसार लागू होंगे ;

(3) मध्यस्थता न्यायाधिकरण के कार्य को विनियमित करने की पद्धति यथानिर्धारित होगी ;

(4) मध्यस्थता न्यायाधिकरण का निर्णय अंतिम होगा तथा दोनों पक्षों पर बाध्य होगा तथा न्यायाधिकरण द्वारा निर्णित किसी मामले के संबंध में परिषद् में किसी भी प्रकार का वाद नहीं होगा ।

38. प्रोविडेंट तथा पेंशन निधि.—विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों के लाभार्थ ऐसे प्रोविडेंट फण्ड या पेंशन निधि का गठन करेगा या ऐसी बीमा योजनाओं की व्यवस्था करेगा जैसा वह यथा-निर्धारित शर्तों एवं पद्धति के अनुसार उचित समझे । दिल्ली इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्तमान शिक्षकों तथा स्टाफ की सेवाओं के लिये प्रचलित भविष्य निधि एवं पेंशन संबंधी योजनाएं लागू होंगी ।

39. विश्वविद्यालय प्राधिकारियों एवं निकायों के गठन के बारे में विवाद.—यदि भली-भांति चुने गये या नियुक्त किये गये या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या किसी निकाय में सदस्य के रूप में चुने जाने या नियुक्त किये जाने से संबंधित किसी व्यक्ति के बारे में कोई प्रश्न उत्पन्न होता है, उस स्थिति में मामला कुलाधिपति के पास भेजा जायेगा जिसका निर्णय अंतिम होगा ।

40. आकस्मिक रिक्तियों को भरना.—विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या किसी अन्य निकाय के सदस्यों के बीच समस्त आकस्मिक रिक्तियां (पदेन सदस्यों के अतिरिक्त) जब भी सुविधाजनक हो उस व्यक्ति या निकाय द्वारा भरी जायेंगी जो सदस्यों की नियुक्ति, चुनाव करता है जिसके स्थान पर रिक्ति हुई है तथा कोई व्यक्ति नियुक्त, चुना गया हो या आकस्मिक रिक्ति के लिये सहभागी बना हो, उस शेष अवधि के लिये ऐसे प्राधिकरण या निकाय का सदस्य होगा जिसके लिये वह व्यक्ति जिसके स्थान पर उसका चुनाव हुआ है, सदस्य के रूप में होगा ।

41. विश्वविद्यालय प्राधिकारियों या निकायों की कार्यवाही जो रिक्तियों द्वारा अमान्य नहीं है.—किसी प्राधिकरण या अन्य निकाय का कोई कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण अमान्य नहीं होगी कि उनके सदस्यों के बीच रिक्ति थी या रिक्तियां थीं ।

42. सद्भावनापूर्वक की गई कार्यवाही.—कोई भी वाद या अन्य विधिक कार्यवाही किसी भी परिषद् में विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी, अधिकारी या कर्मचारी या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी अथवा अधिकारी या अन्य कर्मचारी के आदेश अथवा निदेश के अधीन कार्य कर रहे किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के विरुद्ध किसी भी ऐसे कार्य के लिए नहीं होगा/होगी जोकि इस अधिनियम या संविधि या अध्यादेशों के उपबंधों के अनुसरण में सद्भावनापूर्वक किया गया हो या ऐसा करने का कोई आशय हो ।

43. विश्वविद्यालय अभिलेख के प्रमाण की पद्धति.—विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या समिति की किसी प्राप्ति, आवेदन, सूचना, आदेश, कार्यवाही, संकल्पों की प्रति या विश्वविद्यालय के पास रखे गये अन्य दस्तावेज या विश्वविद्यालय द्वारा भली-भांति बताए किसी रजिस्टर में किसी प्रकार की प्रविष्टि की प्रति यदि इस प्रकार निर्दिष्ट कुल सचिव द्वारा प्रमाणित की गई हो, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में निहित किसी बात के अन्यथा होते हुए उसमें विनिर्दिष्ट मामले तथा

2542 DG/09-4

सत्यापित
20-11-17
सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

कार्य व्यवहार को साक्ष्य के रूप में समझा जायेगा जहां उसकी मूल प्रति, यदि प्रस्तुत की गई हो, साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य हो ।

44. कठिनाई दूर करने की शक्ति.—यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी बनाने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होती है तो सरकार आदेश द्वारा शासकीय राजपत्र में प्रकाशित, ऐसे उपबंध बना सकती है जो इस अधिनियम के उपबंधों के असंगत न हो, इन कठिनाइयों को दूर करने में आवश्यक या समयोचित प्रतीत होते हों :

बशर्ते कि इस अधिनियम के प्रारंभ होने के तीन वर्षों की समाप्ति के पश्चात् इस धारा के अधीन ऐसे आदेश नहीं बनाए जाएंगे ।

45. कार्य संचालन उपबंध.—इस अधिनियम में तथा संविधियों में किसी बात के अन्यथा होते हुए,—

(क) प्रथम कुलपति तथा प्रथम कुल सचिव तथा वित्त नियंत्रक कुलाधिपति द्वारा नियुक्त किये जायेंगे तथा वे संविधियों द्वारा विनिर्दिष्ट सेवा शर्तों के अनुसार अधिशासित किये जायेंगे;

(ख) प्रथम परिषद् तथा प्रथम प्रबंधन बोर्ड, कुलाधिपति द्वारा मनोनीत किये जायेंगे एवं तीन वर्षों तक अपने पदों पर बने रहेंगे ।

46. सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने तथा विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के लिये संविधि तथा अध्यादेश.—(1) इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित प्रत्येक संविधि तथा अध्यादेश सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किये जायेंगे ।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए प्रत्येक संविधि तथा अध्यादेश के बनने के तुरंत बाद इसे यथाशीघ्र दिल्ली विधान सभा के सत्र के तीस दिनों के अन्दर, चाहे वह एक, दो या इससे अधिक उत्तरवर्ती सत्रों का समाहार हो, सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा तथा उपयुक्त अवधि के अंतर्गत यदि सदन किसी संविधि या अध्यादेश में किसी प्रकार का संशोधन करने के लिए सहमत होता है या इसके लिए सहमत होता है कि संविधि तथा अध्यादेश नहीं बनाया जाना चाहिए, तो संविधि या अध्यादेश संशोधित रूप में प्रभावी होगा या प्रभावी नहीं होगा, जैसी भी स्थिति हो, तथापि ऐसे संशोधन या निरसन का उक्त संविधि तथा अध्यादेश के अंतर्गत पहले किए गए किसी कार्य की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

47. मानद डिग्री.—यदि शैक्षणिक परिषद् के सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई सदस्य यह संस्तुति करते हैं कि किसी व्यक्ति को इस आधार पर मानद डिग्री या शैक्षणिक विशिष्टता प्रदान की जाये जो कि उनके विचार से अत्यधिक ख्यातिप्राप्त तथा उत्कृष्ट स्थिति वाला है, योग्य तथा ऐसी डिग्री या शैक्षणिक विशिष्टता प्राप्त करने के योग्य है, कुलाधिपति आदेश द्वारा यह निर्णय ले सकता है कि संस्तुति किये गये व्यक्ति को यह प्रदान की जाये ।

48. डिग्री या डिप्लोमा वापस लेना.—(1) प्रबंधन बोर्ड, शैक्षणिक परिषद् की सिफारिश पर किसी भी व्यक्ति को प्रदान की गई विशिष्टता, डिग्री, डिप्लोमा या विशेषाधिकार को परिषद् के कुल सदस्यों की बहुमत द्वारा पारित किसी संकल्प द्वारा जोकि उपस्थित परिषद् सदस्यों तथा बैठक के समय मतदान में उपस्थित हों, वापस ले सकता है, यदि ऐसे व्यक्ति को किसी अपराध के लिये परिषद् द्वारा सिद्ध दोषी माना गया हो जो कि परिषद् के विचार से कदाचार में लिप्त हो या यदि वह गंभीर दुराचरण का दोषी पाया गया है ।

(2) उप-धारा (1) के अधीन कोई कार्रवाई तब तक किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं की जायेगी जब तक उसे की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध सुनवाई एवं कारण बताने का उचित अवसर न दिया गया हो ।

(3) प्रबंधन बोर्ड द्वारा पारित संकल्प की प्रति संबंधित व्यक्ति को तुरन्त भेजी जायेगी ।

(4) प्रबंधन बोर्ड द्वारा दिये गये निर्णयों से खिन्न कोई व्यक्ति ऐसे संकल्प की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों के अंदर कुलाधिपति को अपील कर सकता है ।

(5) ऐसी अपील में कुलाधिपति का निर्णय अंतिम होगा ।

49. अनुशासन.—(1) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच अनुशासन बनाये रखने के लिये उत्तरदायी अंतिम प्राधिकारी कुलपति होगा । इस संबंध में उसके निदेश विभागाध्यक्षों, होस्टलों एवं संस्थाओं द्वारा क्रियान्वित किये जायेंगे ।

(2) उप-धारा (1) में निहित किसी बात के अन्यथा होते हुए किसी विद्यार्थी को किसी परीक्षा से रोकने की सजा या विश्वविद्यालय अथवा होस्टल या संस्था से निकाले जाने की सजा कुलपति की रिपोर्ट पर होगी तथा उस पर प्रबंधन बोर्ड द्वारा विचार किया जायेगा एवं सजा दी जायेगी :

उपबंध है कि ऐसी सजा विद्यार्थी को कारण बताने का उचित अवसर दिये बिना नहीं दी जायेगी जिसके लिये उसके विरुद्ध प्रस्तावित कार्यवाही की जानी है ।

50. नियुक्तियों की मान्य वैद्यता.—किसी अन्य कानून या तत्समय प्रचलित विधि के प्रवृत रखने वाले दस्तावेज में कुछ भी रहते हुए, विश्वविद्यालय में संविधियों तथा विनियमों के अनुसार किसी पद पर की गई नियुक्तियां वैध मानी जाएंगी और कानून के अनुसार होंगी ।

51. अभिभावी प्रभाव.—इस अधिनियम तथा उसके अधीन निर्मित नियमों, संविधियों एवं विनियमों के उपबंध तत्समय प्रवृत्त किसी विधि, किसी अन्य विधि या दस्तावेज में निहित किसी बात के असंगत होते हुए प्रभावी नहीं होंगे ।

52. प्रायोजित योजनाएँ.—जब भी विश्वविद्यालय सरकार से निधि प्राप्त करता है, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या विश्वविद्यालय द्वारा निष्पादित की जाने वाली योजनाओं का समर्थन करने वाली अन्य एजेंसियां इस अधिनियम या विनियमों में किसी बात के अन्यथा रहते हुये :—

(क) प्राप्त राशि विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय निधि से अलग रखी जायेगी तथा केवल योजना के उद्देश्य हेतु प्रयुक्त की जायेगी, तथा

(ख) योजना निष्पादित करने के लिए अपेक्षित स्टाफ समर्थित संगठन द्वारा निबंधित शर्तों के अनुसार भर्ती किया जायेगा ।"

सविता राव, संयुक्त सचिव

सत्यापित
10-11-17
सहायक नियंत्रक (वाणिज्य)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाईन्स, दिल्ली-54

No. F. 14(12)/LA-2009/LI/09/LCLAW/173-182.— The following Act of Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi received the assent of the Lt. Governor on the 8th July, 2009 and is hereby published for general information :—

"The Delhi Technological University Act, 2009
(Delhi Act 6 of 2009)

(As passed by the Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi on the 1st July, 2009).

[8th July, 2009]

An Act to provide for the reconstitution of the Delhi College of Engineering as a Delhi Technological University and to incorporate it as a non-affiliating, teaching and research University at Delhi to facilitate and promote studies, research, technology incubation, product innovation and extension work in Science, Technology and Management Education, and also to achieve excellence in higher technical education and other matters connected therewith or incidental thereto.

Whereas, the Delhi College of Engineering is an institution of the Government of National Capital Territory of Delhi affiliated to the University of Delhi;

And whereas, it is expedient to confer on the said institution the status of a University to enable it to function more efficiently, as a teaching and research center in various branches of learning and courses of study promoting advancement and dissemination of knowledge and learning, and to meet the requirement of higher education and research in the field of engineering and technology, applied sciences and management sciences, foster industry relevant research and innovation and to avail better scopes and opportunities to serve the society and the nation.

BE it enacted by the Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi in the Sixtieth Year of the Republic of India as follows :—

1. Short title, extent and commencement.—(1) This Act shall be called the Delhi Technological University Act, 2009.

(2) It shall come into force on such date as the Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. Definitions.— In this Act, unless the context otherwise requires, —

(a) "Academic Council," means the Academic Council of the University;

(b) "Academic Staff" means such categories of staff as are designated by the Statutes to be the academic staff of the University;

(c) "Board of Management" means the Board of Management of the University;

(d) "Campus" means the unit established or constituted by the University, for making arrangements for instruction, or research, or both;

(e) "Chancellor", "Vice-Chancellor" and "Pro Vice-Chancellor" means, respectively, the Chancellor, the Vice-Chancellor and the Pro Vice-Chancellor of the University;

(f) "College" means the institution established or maintained by the University.

(g) "Court" means the Court of the University;

(h) "Delhi" means the National Capital Territory of Delhi;

(i) "Department" means a department of studies of the University;

(j) "Employee" means any person appointed by the University;

(k) "Finance Committee" means the Finance Committee of the University;

(l) "Government" means Lieutenant Governor of the National Capital Territory of Delhi appointed by the President under article 239 and designated as such under article 239AA of the Constitution;

(m) "Hall" means a unit of residence or of corporate life for the students of the University;

(n) "Misconduct" means a misconduct prescribed by the Statutes;

(o) "Notification" means a notification published in the official Gazette;

(p) "Planning Board" means the Planning Board of the University;

(q) "Prescribed" means prescribed by the Statutes or Ordinances or Regulations made under this Act;

(r) "Registrar" means the Registrar of the University;

(s) "School" means a school of studies of the University;

